ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 26-11-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-11-26 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-11-27	2024-11-28	2024-11-29	2024-11-30	2024-12-01
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	31.0	32.0	32.0	31.0	30.0
न्यूनतम तापमान(से.)	14.0	15.0	15.0	15.0	15.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	18	15	13	11	13
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	34	24	23	24	20
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8	12	11	10	10
पवन दिशा (डिग्री)	340	75	78	69	65
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना। अधिकतम तापमान 30.0 से 32.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 14.0 से 15.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 8-12 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

जिन किसानों नें गेहूं, जौ, जीर व ईसबगोल की बुवाई अभी तक नही की है जल्द से जल्द उन्नत किस्मों की बुवाई करें तथा बीज को कार्बनडेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें।

लघु संदेश सलाहकार:

गेहूं की फसल को अनावृत्त कंडवा रोग से बचाव हेतू बुवाई से पूर्व बीजों को विटावैक्स नामक दवा 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	किसान भाइयों को सलाह दी जाती हैं कि गेहूं की बुवाई का उचित समय नवम्बर का द्वितीय पखवाडा (जब दिन का तापमान 25 से 30 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच हो) हैं। जिन खेतों में दीमक का प्रकोप हो तो क्लोरपाईरिफाँस 20 ईसी 5 लीटर प्रति हैक्टर की दर से पलेवा के साथ दें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूं की फसल की उन्नत किस्मों की बुवाई करें। उन्नत किस्में राज 1482,राज 3077, राज 3765, राज 3777, राज 4037, राज 4083, पी बी डब्ल्यू 590, जी डब्ल्यू 11 एंव के आर एल 213 है। बीज की मात्रा 100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश उर्वरको की मात्रा 60, 40 व 20 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर होनी चाहिएं।
सरसों	सरसों में 30-35 दिन की फसल पर सिंचाई करें तथा इसी समय 30 किलो ग्राम नत्रजन प्रति हैक्टेयर की दर से दें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	जीरे की बुवाई के लिए उपयुक्त समय है। बुवाई हेतु आर.जेड-19, आर.जेड-209, जी.सी-4 व आर.जेड-223 उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 12-15 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। बुवाई से पूर्व बीज को 2 ग्राम कार्बेण्डेजिम या 4 ग्राम टाईकोडरमा विरिडी से प्रति किलो बीज को उपचारित करें। नत्रजन 15 किलो, फास्फोरस 20 किलो एंव पोटाश 15 किलो उर्वरक प्रति हैक्टेयर की दर से आखिरी जुताई के समय दें। बुवाई के तुरन्त बाद एक हल्की सिंचाई करें तथा दूसरी सिंचाई 6-7 दिन पशचात करें।
बेर	किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि बेर में अभी फूल से फल बनने की अवस्था चल रही हैं अतः भारी सिंचाई न करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	नवजात पशुओं को सर्दी से बचाने का विशेष ध्यान रखें तथा रात के समय नवजात पशु की पीठ के चारों ओर जूट की बोरी बांधे ।